I.G.N.O.U. *Based*

# NEERAJ®

# E.P.S.-6

## पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया में सरकार एवं राजनीति

**(Govt. and Politics in East & South-East Asia)**

By: *Dr. V.B. Singh*

M.A. (Political Science, Sociology, English, History, Philosophy), L.L.B., Ph.D.

***Question Bank Cum Chapterwise Reference Book***

***Including* Many Solved Question Papers**

NEERAJ PUBLICATIONS

*(Publishers of Educational Books)*

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

Sales Office:
1507, Ist Floor, Nai Sarak, Delhi - 6
Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501
E-mail: info@neerajignoubooks.com
Website: www.neerajignoubooks.com

MRP ₹ 240/-

***Published by:***

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**
*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com**
*Website*: **www.neerajignoubooks.com**

| **Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only** | Typesetting by: **Competent Computers** | Printed at: **Novelty Printer** |
|---|---|---|


***Notes:***

1. *For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board /University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

**© Reserved with the Publishers only.**

***Spl. Note:*** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## How to get Books by Post (V.P.P.)?

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website* ***www.neerajignoubooks.com****. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*
*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website* ***www.neerajignoubooks.com.***
*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*
*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

(Publishers of Educational Books)
( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )
***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***
***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***
*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

## पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया में सरकार एवं राजनीति
## ( GOVT. AND POLITICS IN EAST AND SOUTH-EAST ASIA )

### *Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


| | |
|---|---|
| *Question Paper—June, 2019 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2019 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2018 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2017 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2017 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2016 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2016 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2015 (Solved)* | 1-6 |
| *Question Paper—June, 2015 (Solved)* | 1-6 |
| *Question Paper—December, 2014 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2014 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2013 (Solved)* | 1-5 |
| *Question Paper—June, 2013 (Solved)* | 1 |
| *Question Paper—December, 2012 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2012 (Solved)* | 1 |
| *Question Paper—June, 2011 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2010 (Solved)* | 1-2 |


क्रम सं. ***Chapterwise Reference Book*** पृष्ठ


**प्रस्तावना ( Introduction )**

1. पूर्वी एशियाई क्षेत्र की प्रस्तावना ........ 1
( Introduction to East Asian Region )
2. दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र की प्रस्तावना ........ 8
( Introduction to South-East Asian Region )
3. दक्षिण-पूर्व एशिया में भारतीय लोग ........ 14
( Indians in South-East Asia )
4. दक्षिण-पूर्व एशिया में चीनी लोग ( Chinese in South-East Asia ) ........ 18

| क्रम सं. | पृष्ठ |
|---|---|


**चीन ( China )**

5. चीनी क्रान्ति एवं विचारधारा ( Chinese Revolution and Ideology ) ........ 22
6. चीन में राजनैतिक एवं आर्थिक सुधार ........ 33
( Political and Economic Reforms in China )
7. चीन की विदेश नीति ( Foreign Policy of China ) ........ 40

**जापान ( Japan )**

8. ऐतिहासिक संदर्भ : राष्ट्रवाद और पूँजीवाद ........ 48
( Historical Reference: Nationalism and Capitalism )
9. संरचनाएँ और प्रक्रियाएँ ( Structures and Processes ) ........ 54
10. विदेश नीति ( Foreign Policy ) ........ 60

**कोरिया ( Korea )**

11. आधुनिक कोरिया का विकास ( Development of Modern Korea ) ........ 67
12. राजनीतिक तथा आर्थिक विकास का स्वरूप ........ 71
( Nature of Political and Economic Development )
13. विदेश नीति ( Foreign Policy ) ........ 78

**दक्षिण-पूर्व एशिया में सरकार एवं राजनीति-I**
**( Government and Politics in South-East Asia-I )**

14. सिंगापुर ( Singapore ) ........ 85
15. मलेशिया ( Malaysia ) ........ 90
16. फिलीपीन्स ( Philippines ) ........ 101

**दक्षिण-पूर्व एशिया में सरकार एवं राजनीति-II**
**( Government and Politics in South-East Asia-II )**

17. इण्डोनेशिया में शासन और राजनीति ........ 108
( Government and Politics in Indonesia )
18. थाईलैण्ड ( Thailand ) ........ 113
19. बर्मा ( Burma ) ........ 119

**दक्षिण-पूर्व एशिया : हिन्द-चीन में समाज एवं राजनीति**
**( South-East Asia: Society and Politics in Indo-China )**

20. वियतनाम ( Vietnam) ........ 126
21. कम्बोडिया ( Combodia ) ........ 134
22. लाओस ( Laos ) ........ 141

| क्रम सं. | पृष्ठ |
|---|---|

## मुद्दे और प्रवृत्तियाँ ( Issues and Tendencies )


23. दक्षिण-पूर्व एशिया में आर्थिक विकास की पद्धति ................................................................. 147
( Method of Economic Development in the South-East Asia )
24. पूर्व और दक्षिण एशिया में राजनैतिक विकास की पद्धति ....................................................... 152
( Method of Political Development in East and South Asia )
25. जातीयता और राष्ट्र-निर्माण ( Racialism and Nation-building ) ........................................... 156
26. पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया में राज्य और नागरिक समाज का समीकरण ........................... 161
( Alliance of State and Civil Society in East and South-East Asia )
27. दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संगठन ( एशियन ) के विशेष संदर्भ में क्षेत्रीय सहयोग ......................... 166
(Regional Cooperation Special Reference to Association of South- ------East Asian Nations)


■ ■

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

**(June – 2019)**

**(Solved)**

## पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया में सरकार एवं राजनीति

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

*नोट : (i) खण्ड I—किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*(ii) खण्ड II—किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*(iii) खण्ड III—किन्हीं **दो** भागों के उत्तर दीजिए।*

### खण्ड I

**निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें।**

**प्रश्न 1. दक्षिण कोरिया की विदेश नीति के मुख्य तत्त्वों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-13, पृष्ठ 78, 'आर.ओ.के. (दक्षिण कोरिया की) के विदेश संबंध', पृष्ठ 80, प्रश्न-2, पृष्ठ 81, प्रश्न-3

**प्रश्न 2. 1990 के मध्य के पश्चात् दक्षिण-पूर्व एशिया में हुए आर्थिक विकास का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-23, पृष्ठ 148, प्रश्न-1, 2, पृष्ठ 150, प्रश्न-5

**प्रश्न 3. स्वतंत्र कंबोडिया में राजनीतिक विकास की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-21, पृष्ठ 136, प्रश्न-4

**प्रश्न 4. चीन की 'चार आधुनिकताओं' का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-6, पृष्ठ 35, प्रश्न-2, पृष्ठ 36, प्रश्न-4, पृष्ठ 37, प्रश्न-5

### खण्ड II

**निम्न में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**प्रश्न 5. बर्मा के लोकतंत्र समर्थक आंदोलन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-19, पृष्ठ 123, प्रश्न-7

**प्रश्न 6. मलेशिया की पार्टी प्रणाली की प्रकृति की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-15, पृष्ठ 96, प्रश्न-15

**प्रश्न 7. दक्षिण-पूर्व एशिया के सामाजिक-सांस्कृतिक गुणों का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-1, पृष्ठ 3, प्रश्न-4, पृष्ठ 4, 'सामाजिक सद्भाव', 'स्थिति एवं महिलाएं'

**प्रश्न 8. चीन तथा रूस में पड़ी दरार के कारणों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-7, पृष्ठ 43, प्रश्न-4

**प्रश्न 9. जापानी राजनीतिक दलों पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-9, पृष्ठ 54, 'राजनैतिक दल', पृष्ठ 57, प्रश्न-12, प्रश्न-13, प्रश्न-14

**प्रश्न 10. सिंगापुर में पुनःस्थापित अर्थशास्त्रीय नीतियों का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-14, पृष्ठ 88, प्रश्न-6

**प्रश्न 11. लाओशियन समाज तथा राजतंत्र की मुख्य विशेषताओं की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-22, पृष्ठ 142, प्रश्न-1, पृष्ठ 141, 'राजनैतिक घटना विकास'

**प्रश्न 12. जापान की विदेश नीति की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-10, पृष्ठ 62, प्रश्न-3, प्रश्न-4, पृष्ठ 61, 'जापान के विदेश संबंध'

### खण्ड III

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए।**

**(क) फिलीपींस में मार्कोस का शासन**

**उत्तर** 1934 में निर्मित फिलीपीन्स के संविधान के तहत एक लोकतान्त्रिक, निर्वाचित सरकार का प्रावधान था। फिलीपीन्स की राजनैतिक प्रणाली, 1972 में राष्ट्रपति फर्डिनन्ड मार्कोस एवं मार्शल ली की घोषणा तक, इसी संविधान के तहत चलती रही।

www.neerajbooks.com



23 सितम्बर, 1972 को राष्ट्रपति फर्डिनन्ड मार्कोस ने फिलीपीन्स में मार्शल लॉ शासन की घोषणा कर दी।

राष्ट्रपति मार्कोस के शासन का दूसरा कार्यकाल खत्म होते-होते देश पर आर्थिक संकट के बादल मंडराने लगे थे।

औद्योगीकरण और अन्तर्देशीय व्यापार से चंद लोगों की समृद्धि बढ़ी। जनसंख्या काफी तेज रफ्तार से बढ़ी और सकल राष्ट्रीय उत्पाद की गति धीमी थी।

मार्कोस-विरोधी अभियान का सबसे मुख्य वर्ग विद्यार्थियों का था। उन्होंने प्रदर्शन, जुलूसों, सभाओं, पर्चों एवं पोस्टरों आदि माध्यमों से लोगों में जागृति पैदा की। मार्कोस ने 1970 में फिलीपीन्स के एक नए संविधान के निर्माण के लिए संविधान सम्मेलन (कॉन-कॉन) का चुनाव करवाकर स्थिति को और भी विस्फोटक बना दिया।

मार्कोस की सत्ता में बने रहने की चाल का विरोध करने के लिए संविधान सम्मेलन में एक प्रस्ताव पेश किया गया, जिसे 'समा प्रस्ताव' के नाम से जाना जाता है। प्रस्ताव में ऐसे प्रावधान बनाने की बात कही गई थी जिससे मार्कोस किसी भी रूप में फिर से शासनाध्यक्ष न बन सके।

मार्कोस को सबसे तगड़ा झटका नवम्बर, 1971 में सीनेट के चुनावों में, उदारवादी दल के उम्मीदवारों द्वारा उसकी पार्टी के उम्मीदवारों की पराजय से लगा।

**(ख) जापान में राष्ट्रीय 'डाइट'**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-9, पृष्ठ 55, प्रश्न-6, पृष्ठ 56, प्रश्न-9

**(ग) सोकरनो की 'निर्देशित लोकतंत्र' की अवधारणा**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-17, पृष्ठ 109, प्रश्न-4

**(घ) लाओशियन समाज पर पश्चिम का प्रभाव**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-22, पृष्ठ 142, 'पाश्चात्य प्रभाव'

■■

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया में सरकार एवं राजनीति
## ( Govt. and Politics in East & South-East Asia )

*प्रस्तावना*
***(Introduction)***

# पूर्वी एशियाई क्षेत्र की प्रस्तावना
## (Introduction to East Asian Region)

1

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

### अध्याय का विहंगावलोकन

वह देश जिसे अब हम पूर्वी एशिया कहते हैं, लम्बे समय से "सुदूर पूर्व" के नाम से जाना जाता था।

**प्राकृतिक पर्यावरण**

पूर्वी एशिया की सभ्यता का उल्लेखनीय पहलू अन्य महान सभ्यताओं से अपेक्षाकृत अलग-अलग रहना रहा है। पूर्वी एशिया तथा व्यवस्थित जीवन के अन्य आरम्भिक केन्द्रों के बीच जलवायु की भिन्नताओं ने भी इसकी सांस्कृतिक विशिष्टता में योगदान किया है।

**जनता**

महान एशिया अवरोध में पूरब की ओर का क्षेत्र अधिकतर मंगोल लोगों का गढ़ है, जबकि पृथ्वी के अन्य क्षेत्रों में कॉकेशियन तथा नीग्रों लोग शामिल हैं। ये प्रमुख जातीय किस्में हैं, जोकि पृथ्वी के अधिकांश हिस्से में बसती हैं।

**भाषाएँ**

पूर्वी एशिया में सबसे बड़ा भाषायी विभाजन भाषाओं के सिनिटिक (अथवा चीनी-तिब्बती) परिवार से सम्बन्धित है। चीनी भाषा के अतिरिक्त, क्षेत्र में बसे लोगों द्वारा बोले जाने वाली सिनिटिक भाषा के अन्य अनेक समूह मौजूद हैं।

**सामाजिक सांस्कृतिक लक्षण**

प्राचीन काल से ही व्यक्ति, राज्य, समुदाय अथवा धार्मिक संगठन की बजाय परिवार ही खासतौर पर चीनी समाज तथा सामान्य तौर पर पूर्वी एशिया समाज की सबसे महत्त्वपूर्ण इकाई रहा है।

**कन्फूशियसवाद**

ज्ञानी दार्शनिक कन्फूशियस छठवीं शताब्दी ई.पू. में था। कन्फूशियस के दर्शन के अनुसार सामाजिक सद्भाव समाज को पाँच प्रकार के बुनियादी रिश्तों द्वारा कायम रखा जा सकता है। वे रिश्ते थे : शासक एवं शासित के बीच, पिता एवं पुत्र के बीच, बड़े भाई व छोटे भाई के बीच, पति एवं पत्नी के बीच तथा दोस्तों के बीच।

**पूर्वी एशिया में राजनैतिक परम्परा**

आरम्भिक कोरियाई कबीलों के सामाजिक एवं राजनैतिक गठन के बारे में अधिक कुछ पता नहीं चल पाया है, किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश उत्तरी एशियाई लोगों की भाँति, उन पर भी ठाठ-बाट वाले वंशानुगत नेताओं ने शासन किया होगा तथा जापानी लोग आरम्भ में मातृसत्तात्मक रहे होंगे।

**(अ) कोरिया** तीसरी शताब्दी ई.पू. में प्रथम वास्तविक राज्य ने आकार ग्रहण किया था, इसे चोसन कहा जाता था। कोरिया में अनेक चीनी उपनिवेशों का गठन किया गया। चीन के भीतर शासक वंश में अनेक बदलावों के बावजूद वे चार शताब्दियों से भी अधिक समय तक बरकरार रहे।

**(ब) जापान** पूर्व आधुनिक जापान लम्बे समय तक एक सामंती राज्य था। उसकी प्रमुख विशेषताएं वर्ग तथा वंशानुगत क्रम पर बल देती थीं तथा वह प्रान्तों में (शहरों के विपरीत) निजी कृषि संपदाओं एवं जागीरों के गिर्द केन्द्रित था।

एक कबीलाई भावना तथा जबरदस्त सैन्य परम्परा जापान की राजनैतिक परंपरा रही है।

सोलहवीं शताब्दी के मध्य तक, जापानी सामंतवाद ने बिखराव के संकेत दर्शाने शुरू कर दिए थे।

**पश्चिम की प्रतिक्रिया**

उन्नीसवीं शताब्दी के आरम्भ से ही कुछ डच तथा स्पेनी औपनिवेशिक ताकतों ने पूर्वी एशिया में भी घुसपैठ कर ली थी।

19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, पश्चिमी शक्तियों ने सम्पूर्ण पूर्वी एशियाई क्षेत्र पर अपने प्रभाव का विस्तार कर लिया। कुछ देश सीधे उपनिवेश बन गये जबकि अन्य देशों ने पश्चिमी नमूने के गठन को अपना लिया तथा अपनी स्वतन्त्रता को यथावत् रखा। चीन ने सबसे लम्बे समय तक प्रतिरोध किया और सबसे अधिक नुकसान उठाया।

## बोध-प्रश्न

**प्रश्न 1. पूर्वी एशिया के प्राकृतिक पर्यावरण का वर्णन कीजिये?**

Describe the Natural Environment of East Asia.

**उत्तर पूर्वी एशिया का प्राकृतिक पर्यावरण** (Natural Environment of East Asia)

**पृथकता** (Separation)

पूर्वी एशिया की सभ्यता का एक उल्लेखनीय पक्ष इसका विश्व की अन्य महान सभ्यताओं से पृथक रहना रहा है। अत्यधिक दूरी तथा विशाल पर्वत शृंखलाओं व रेगिस्तानों के कारण आरम्भिक सभ्यता के प्रमुख केन्द्रों से पृथक रहते हुए इसने पृथक सांस्कृतिक प्रवृत्तियों का विकास किया, जो आज भी पर्याप्त सीमा तक यथावत है। उदाहरण के लिए शेष विश्व में लिखने की प्रणाली "अल्फाबेटिक" है जबकि पूर्वी एशिया में लिखने की प्रणाली चीनी-चित्रकारी वाली है।

**पृथक सभ्यता** (Separate Culture)

मैसोपोटोमियन, यूनानी तथा मिस्र की सभ्यताएँ भूमध्य सागर के निकट विकसित हुई थीं। वे घनिष्ठ रूप से परस्पर सम्बद्ध थीं। सिन्धु घाटी की सभ्यता की भूमि अपेक्षाकृत सुगम थी तथा पश्चिमी सभ्यताओं के सम्पूर्ण क्षेत्र के साथ उसका तटीय संचार स्थापित था। 327 ई.पू. में सिकन्दर द्वारा भारत पर आक्रमण इसका एक प्रमाण है।

**भौगोलिक कारण** (Geographical Reasons)

उत्तरी चीन में आरम्भिक पूर्व एशियाई सभ्यता: प्राय: पृथक रही

*(i)* उसमें एक ओर प्रशान्त महासागर और दूसरी ओर विशाल हिमालय तथा तिब्बती पठार हैं जो कि बाधा बने हुए हैं।

*(ii)* उत्तर में मध्य एशिया के सर्द एवं कष्टप्रद व्यापक रेगिस्तान तथा सोपान हैं।

*(iii)* दक्षिण में दक्षिण-पश्चिम चीन तथा दक्षिण पूर्व एशिया के ऊबड़-खाबड़ पहाड़ तथा जंगल हैं।

साइबेरिया से मलाया तक विस्तृत भू-भाग तथा जलवायु के अवरोध लोगों के मुक्त आवागमन में बाधा रहे हैं।

**जलवायु की भिन्नतायें** (Diversity of Climate)

पूर्वी एशिया तथा व्यवस्थित जीवन के अन्य आरम्भिक केन्द्रों के मध्य जलवायु की भिन्नताओं ने भी इसकी सांस्कृतिक विशिष्टता में योगदान किया है।

पूर्वी एशिया के प्रमुख भागों में ठंडी सर्दियों तथा गर्म ग्रीष्म के साथ शीतोष्ण क्षेत्र की अनुप्राणित करने वाली जलवायु है। भारत के अनुरूप पूर्व एशिया की जलवायु प्राय: एशिया के व्यापक स्थल द्वारा निर्धारित होती है। उत्तरी क्षेत्र सर्दियों में अत्यधिक ठंडे तथा गर्मियों में अत्यधिक गर्म रहते हैं।

पूर्वी एशिया के अधिकांश भाग में मानसूनी हवाओं के कारण फसलों के लिए अनुकूल समय पर, काफी अच्छी वर्षा होती है।

प्रचुर जल आपूर्ति तथा गर्म सूरज के प्रकाश के कारण भूमि पर सघन खेती होना संभव है। अनेक क्षेत्रों में साल में दो फसलें होती हैं। चावल, पानी भरे खेतों में उत्पन्न होता है। इस क्षेत्र की गर्म तथा गीली गर्मियों में बहुत अच्छी फसल देता है। यह मध्य एशिया तथा यूरोप से कहीं बड़ी जनसंख्या का पोषण करता है। तथापि पूर्वी एशिया जैसे विशाल क्षेत्र में एक समान जलवायु नहीं है। चीन में भी ठंडे, बंजर उत्तर पश्चिम तथा नम, उष्ण कटिबंधीय दक्षिणी तट के मध्य अंतर है। जापान, कोरिया तथा चीन के अधिकांश भागों में पानी की अच्छी उपलब्धता वाले शीतोष्ण क्षेत्र विद्यमान हैं।

**प्रश्न 2. पूर्वी एशिया की प्रजातियों की विविधता पर टिप्पणी लिखिये।**

Write a note on the Racial Diversity in East Asia.

*अथवा*

**हमें यह कैसे मालूम हुआ कि मंगोलियाई प्रजाति उत्तरी चीन से उपजी थी?**

How did we come to know that the Mongoloid race emerged from North China?

**उत्तर पूर्वी एशिया में प्रजाति-विविधता** (Racial Diversity in East Asia)–

*(i)* महान एशिया में पूरब की ओर का क्षेत्र अधिकतर मंगोल लोगों का गढ़ है।

*(ii)* पृथ्वी के अन्य क्षेत्रों में कॉकेनियन तथा नीग्रो लोग शामिल हैं।

पूर्वी एशिया में मानव के पूर्वजों में सर्वाधिक रोचक को सिनानथोपस पीकिनोन्सिस अथवा पीकिंग मैन कहते हैं, जिसकी खोज 1927 में चीन की राजधानी पीकिंग से दक्षिण पश्चिम में लगभग 50 कि.मी. दूर एक गुफा में की गई थी। यह पीकिंग मैन लगभग 400,000 ई.पू. में रहा होगा, इसका अग्नि पर नियन्त्रण था। उसके भाले के आसार के पैने दाँत थे। इसके आधार पर यह मान्यता है कि मंगोल प्रजाति उत्तरी चीन के इसी आदि मानव से उपजी है।

**चारित्रिक विशेषतायें** (Characteristic Features)

*(i)* छोटी भुजाएँ, मांसल शरीर, पतली पलकें, खड़े रूखे काले बाल, अपेक्षाकृत सपाट चेहरे, मंगोली आदमी की चारित्रिक विशेषताएँ हैं।

*(ii)* उनकी त्वचा का रंग बहुत हल्के से गहरे भूरे रंगों की शृंखलाओं में बिखरा हुआ है। सर्वाधिक रोचक प्रजातीय वंशज अइनू हैं, जोकि वर्तमान में जापान के उत्तरी छोर तक सीमित हैं।

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



आइनू में कॉकेशियन आदमी की कुछ विशेषताएँ हैं। जैसे-उनके चेहरे व शरीर पर काफी बाल होते हैं। अधिकाश पूर्वी एशियाई लोगों में नहीं होते।

**प्रश्न 3. पूर्वी एशिया की भाषाओं पर टिप्पणी लिखिये।**

Write a note on the Languages of East Asia.

***अथवा***

**किस भाषा को विश्व की सबसे अधिक जनसंख्या के द्वारा बोला जाता है?**

Which language is spoken by the most of the population?

**उत्तर पूर्वी एशिया की भाषायें** (Languages of East Asia)–

**भाषायी आधार** (Linguistic Bases) पूर्व एशिया के भीतर, प्रमुख मानवीय विभाजन, मूलत: भाषायी आधार पर है। पूर्वी एशिया में विशालतम भाषायी विभाजन भाषाओं के सिनिटिक अथवा चीनी तिब्बती परिवार से सम्बन्धित हैं। भाषाओं का इस परिवार का पूर्वी एशिया के मध्य में एक मजबूत खण्ड पर अधिकार है जिसके अंतर्गत चीन, तिब्बत, वियतनाम, सियाग, लाओस तथा बर्मा का अधिकांश भाग आता है।

तिब्बतियों को छोड़कर इस भाषायी समूह के सभी सदस्य निपोलिथिक काल से ही किसान रहते आये हैं।

सिनिटक समूह में चीनी प्राय: विशालतम तथा ऐतिहासिक रूप से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भाषायी उप-समूह हैं।

**विस्तार** (Expansion) अनादिकाल से चीनी भाषी उत्तरी चीन पर काबिज रहे हैं, जोकि पूर्वी एशियाई सभ्यता की मूल भूमि है। कालान्तर में उन्होंने उत्प्रवास तथा सांस्कृतिक एवं भाषायी तौर पर समानता रखने वाले समूहों को अपने में मिलाकर विस्तार किया। उन्होंने सम्पूर्ण चीन तथा हाल ही में मंचूरिया, मंगोलिया के अधिकांश भाग, ताईवान के अधिकांश क्षेत्र, सिनकियांग के कुछ भागों तथा शहरी दक्षिणपूर्व एशिया के चीनी क्षेत्रों पर भी आधिपत्य स्थापित कर लिया।

इस दौर में चीनी भाषा अनेक परस्पर अस्पष्ट भाषाओं में विभाजित हो गई।

**मेन्डारिन चीनी भाषा** मेन्डारिन चीनी अथवा कुओ-यू (राष्ट्रभाषा) को मातृभाषा के रूप में दुनिया की किसी भी अन्य भाषा की तुलना में अधिक लोग बोलते हैं। इसकी अनेक बोलियाँ सम्पूर्ण उत्तरी चीन में बोली जाती हैं।

दक्षिण मध्य प्रान्त में बोलियों को हासियांग तथा कान कहा जाता है।

शंघाई से लेकर वियतनाम की सीमा तक तटवर्ती क्षेत्रों में, बोली जाने वाली बोलियाँ इस प्रकार हैं बू, मिन, हफ्कर तथा कंन्टोनीज।

इनमें से कुछ बोलियाँ ताइवान के कुछ भाग तथा चीन से बाहर रह रहे चीनी समुदाय की भाषाएँ हैं।

चीनी भाषा के अतिरिक्त क्षेत्र में बसे लोगों द्वारा बोले जाने वाली सिनिटिक भाषा के अन्य अनेक समूह विद्यमान हैं। उनके अन्तर्गत मियाओं-याओं समूह तथा तिब्बती बर्मी समूह आते हैं।

**पृथक भाषा** (Distinct Language)–सिनिटिक खण्ड के उत्तर में मंगोल लोगों का एक विशाल समूह रहता है जो कि एक ऐसे परिवार की भाषाएँ बोलता है जोकि जुबानों से भिन्न है। एल्टाइंक भाषा समूह की भाषाओं के अन्तर्गत तुर्की, मंगोली तथा तुंगूसिक आदि आती हैं। कोरियाई एवं जापानी, अल्टाइक भाषाओं से संरचनागत निकटता रहती है।

**प्रश्न 4. पूर्वी एशिया के सामाजिक सांस्कृतिक लक्षणों का वर्णन करें।**

Describe the social, cultural characteristics of East Asia.

***अथवा***

**पारम्परिक पूर्वी एशिया में परिवार किसी भी व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन काल के दौरान महत्त्वपूर्ण बना रहता था। ऐसा क्यों?**

In Traditional North Asia the family remained for any person life-long. Why so?

**उत्तर पूर्वी एशिया-सामाजिक सांस्कृतिक लक्षण** (North Asia-Social cultural characteristics) **पूर्वी एशियाई सभ्यता का जन्म** (Birth of East Asian Civilization) पूर्वी एशियाई सभ्यता का जन्म तथा इसके अधिकांश लक्षणों का विकास चीन में हुआ, इसलिए उस समाज की कुछ मौलिक विशेषताओं की परीक्षा करना जरूरी है। चीन की एक उल्लेखनीय विशेषता भूमि पर तथा कसी हुई सीमाओं वाले गाँवों में लोगों की भीड़-भाड़ है। चीन के इतिहास में यह नई बात न होकर परम्परागत है। रोम साम्राज्य के समकालीन हेन साम्राज्य की जनसंख्या छ: करोड़ थी। यह अधिकांशत: उत्तरी चीन में केन्द्रित थी। अपने इतिहास में प्रारम्भ से अंत तक चीनी लोग अपने सामाजिक एवं पारिवारिक सम्बन्धों में घनिष्ठता से बंधे रहे हैं।

**परिवार प्रणाली** (Family System)–परिवार चीनी समाज तथा सामान्य रूप से पूर्वी एशियाई समाज की सबसे महत्त्वपूर्ण इकाई रहा है। परिवार ही आर्थिक जीवन-यापन, सुरक्षा, शिक्षा, सामाजिक सम्पर्क तथा मनोरंजन का प्रमुख स्रोत रहा है। यह लक्षण भारतीयों के साथ एकरूपता तथा पश्चिमी देशों के लोगों के साथ भिन्नता को प्रकट करता है। चीन में परिवार ही राजनीतिक संगठन के लिए भी आधारशिला का काम करता रहा है। पाओं चिया प्रणाली नामक परस्पर दायित्व की प्रणाली के द्वारा प्रत्येक घर में व्यक्ति एक-दूसरे के कार्यों के प्रति उत्तरदायी थे तथा किसी समुदाय के भीतर परिवार एक-दूसरे के प्रति उत्तरदायी थे। अतएव परिवार किसी भी व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन काल के दौरान महत्त्वपूर्ण बना रहता था।

**प्रश्न 5. कन्फ्यूशियस प्रणाली के प्रमुख लक्षणों का वर्णन कीजिए।**

Describe the main characteristics of Confucious System.

**उत्तर कन्फ्यूशियस व्यवस्था** (Confuscious System) पूर्वी एशिया में कन्फूशियस की शिक्षाओं का ही सर्वाधिक गहन प्रभाव दिखाई पड़ा। ज्ञानी दार्शनिक कन्फूशियस छठवीं शताब्दी ई.

www.neerajbooks.com

पू. में था। उसे पूर्वी एशिया में सभी शिक्षकों व दार्शनिकों में सबसे महानतम माना जाता है। उसके विचारों ने व्यक्तियों को एक प्रकार की नैतिकता की शिक्षाएँ दीं।

**सामाजिक सद्भाव** कन्फूशियस के दर्शन के अनुसार सामाजिक सद्भाव समाज में निम्न पाँच प्रकार के आधारभूत रिश्तों द्वारा कायम रखा जा सकता है

*(i)* शासक एवं शासित के मध्य।
*(ii)* पिता एवं पुत्र के मध्य।
*(iii)* बड़े भाई व छोटे भाई के मध्य।
*(iv)* पति एवं पत्नी के मध्य।
*(v)* दोस्तों के मध्य।

प्रथम चार रिश्ते आवश्यक तौर पर वरिष्ठ कनिष्ठ के बीच के रिश्ते थे। वे इस बात पर बल देते थे कि इसी प्रकार समाज में सद्भाव एवं स्थायित्व की गारण्टी की जा सकती है।

**स्थिति** (Position)–प्रत्येक व्यक्ति की स्थिति परिवार के अतिरिक्त समाज में भी पूर्व निर्धारित थी। अपनी प्रकृति से ही परिवार प्रणाली श्रेणीबद्धता वाला एवं अधिनायकवादी था। आयु को स्वयं में ही एक समान तथा बुद्धिमानी का स्रोत माना जाता था।

**महिलाएँ** (Women)–कन्फूशियस की विचारधारा पुरुष के समक्ष नारी की अधीनता की समर्थक थी

*(i)* महिलाओं को अपने जीवन के तीन चरणों में अपने पिता, पति तथा पुत्रों की आज्ञा का पालन करना होता था।
*(ii)* उन्हें सम्पत्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं था।
*(iii)* लड़कियों का विवाह प्राय: उनके बचपन में ही कर दिया जाता था तथा उन्हें अपने पति के परिवार के साथ एक अधीनस्थ रहना पड़ता था।
*(iv)* केवल वृद्ध हो जाने तथा सास का स्तर प्राप्त कर लेने के बाद ही कोई स्त्री प्रभुत्वशाली अवस्था को प्राप्त कर सकती थी। इस अवस्था में प्राय: वह तानाशाह की भाँति व्यवहार करती थी।

**सदाचार** (Virtuous Conducts)–चीनी जीवन में परिवार प्रणाली द्वारा सच्चाई और निष्ठा, ईमानदारी व परोपकार आदि व्यक्तिगत सदाचारों को सम्मिलित करके सामाजिक आधार के नियमों का प्रावधान किया गया। ये अधिकांश पूर्वी एशियाई क्षेत्र वे लिए भी समान रूप से प्रासंगिक थे।

कानून, प्रशासन का सुविधाजनक माध्यम था, पर व्यक्तिगत नैतिकता समाज की आधारशिला थी। पूर्वी एशियाई समाज को कन्फूशियसवाद ने दृढ़ता के साथ बाँध रखा था। यह विचारधारा जनता के लिए कानून व धर्म दोनों थी। इसने शक्तिशाली सामाजिक गठन तथा विशेष सन्तुलन उत्पन्न किया।

**राजनैतिक क्षेत्र** (Political Field)

राजनैतिक क्षेत्र में, कन्फूशियसवाद की एक उल्लेखनीय विशेषता, किसी कुशासन शासन के विरुद्ध शासितों द्वारा विद्रोह का अधिकार था। उसके अनुसार शासक में निम्नलिखित गुण होने चाहिए

*(i)* शासक को गुणवान व्यक्ति होना चाहिए।
*(ii)* उसे समाज के आचारों एवं नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए।
*(iii)* शासक की नैतिकता ही उसकी सत्ता का स्रोत था।
*(iv)* वह अपनी प्रजा पर ईश्वर के आदेश से शासन करता था।
*(v)* यदि शासक ऊँची नैतिकता के रास्ते से भटकता है तो वह "ईश्वर के आदेश" से वंचित हो जाता है। उस परिस्थिति में विद्रोह आवश्यक ही नहीं, बल्कि एक नैतिक कार्य भी है।
*(vi)* चीन में जब भी शासक वंशों का पतन हुआ अथवा किसी अन्य वंश द्वारा उसे पराजित किया गया, तो यह दावा किया गया कि ईश्वर ने अपना आदेश वापस ले लिया है।

**प्रश्न 6. पूर्वी एशिया में राजनैतिक परम्परा पर टिप्पणी लिखिए।**

Write a note on Political Tradition in East Asia.

**उत्तर पूर्वी एशिया में राजनीतिक परम्परा** (Political Tradition in East Asia)

**अध्ययन में कठिनाइयाँ** (Difficulties in Study)–पूर्वी एशिया की राजनैतिक संस्थाओं का अध्ययन करने हेतु चीन, जापान तथा कोरिया के मध्य समानताओं तथा भिन्नताओं का अध्ययन किया जाना चाहिए। पूर्वी एशिया के अध्ययन में प्रमुख कठिनाइयाँ निम्नलिखित प्रकार हैं

*(i)* चीन की बोधगम्य व्यापकता।
*(ii)* उसके फलस्वरूप पूर्वी एशियाई सभ्यता के भीतर चीनी पैटर्न के महत्त्वपूर्ण रूपान्तरों का अभाव।

**पृथकता** (Isolation)

1. पूर्व की ओर चीनी सभ्यता को न तो जलवायु सम्बन्धी बाधाओं का सामना करना पड़ा और न ही सांस्कृतिक बाधाओं का।
2. कोरिया व जापान कृषि प्रधान सभ्यता विशेष रूप से चावल की सघन खेती के लिए उपयुक्त थे।
3. इन क्षेत्रों के प्राचीन निवासी भाषायी एवं सांस्कृतिक रूप से आरम्भिक चीनियों से भिन्न थे तथापि वे किसी अन्य उच्चतर सभ्यता से अप्रभावित रहे।

भारत से बौद्ध धर्म के सिवाय दक्षिण एवं पश्चिम एशिया के अन्य तत्त्व चीन के माध्यम से ही प्रसारित होते रहे। वे पूरी तरह से पूर्वी एशियाई सभ्यता में मिश्रित हो गए। इसके दो अत्यन्त रोचक रूपान्तर बन गए। लगभग एक हजार वर्ष से भी अधिक समय तक कोरिया की उच्चतर संस्कृतियों तथा चीन की संस्कृति के मध्य इतनी अधिक समानता रही कि अनेक मामलों में वे लगभग उसके समान ही प्रतीत होती थीं।

इस बात का कोई खतरा नहीं रहा है कि कोरिया अथवा जापान को चीनी राजनैतिक इकाई में विलुप्त कर लिया जाएगा, जैसा कि यांगजी घाटी तथा दक्षिण चीन के मामले में हुआ था। वे सदैव अलग बने रहे। चीनी, जापानी तथा कोरियाई लोग स्वभाव से पूर्व एशियाई हैं। तथापि उन्होंने परस्पर भिन्नताओं वाले राष्ट्रीय व्यक्तित्व का विकास कर लिया है। जिससे उनकी राजनैतिक